# छात्रों, निवेशकों और उद्यमियों की एक साथ मुलाकात, विशेषज्ञों ने साझा किए स्टार्टअप की सफलता के सूत्र

**सवेरा न्यूज/कास.**

गुड़गांव, 17 जून : मैनेजमैंट डिवैल्पमैंट इंस्टीच्यूट (एमडीआई) गुड़गांव ने अपने प्रमुख स्टार्टअप प्लेटफॉर्म एमडीआई मेगामाइंड्स के एक और सशक्त संस्करण का आयोजन किया। इस आयोजन में युवा उद्यमियों, निवेशकों और इनोवेशन के क्षेत्र से जुड़े प्रमुख वक्ताओं ने भाग लिया। लक्ष्य बिल्डिंग में आयोजित इस कार्यक्रम ने स्टार्टअप जगत को नये विचारों और अवसरों के साथ जोड़ने का मंच प्रदान किया। इस वर्ष की प्रस्तुतियों में इंटरैक्टिव रिक्रूटमेंट्स (एआई-आधारित एडटेक प्लेटफॉर्म), आइरासस (बैटरी एनालिटिक्स), तीर्थ डॉट कॉम (आध्यात्मिक यात्रा पोर्टल), और विकारा स्टूडियोज (भारतीय संस्कृति आधारित मोबाइल गेम्स) शामिल रहे। साथ ही, प्रॉब्लम फर्स्ट या प्रोडक्ट फर्स्ट विषय पर विशेषज्ञों के साथ फायरसाइड चैट भी आयोजित की गई। प्रो. लीना अजीत कौशल और प्रो. रूचि अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने बताया कि एमडीआई अब एक्सेलरेशन और इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना की दिशा में भी कार्य कर रहा है। मेगामाइंड्स ने एक बार फिर साबित किया कि यह मंच भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को दिशा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।